**समाचार**

# सतनाम प्रांगण में विधायक निधि से 64 लाख रू. की लागत से बनेगा भव्य डोम

## (उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने किया भूमिपूजन, बाबा गुरूघासीदास व जैतखंभ की पूजा अर्चना की )



कोरबा 22 अक्टूबर 2025 –टी.पी.नगर कोरबा स्थित सतनाम प्रांगण में विधायकनिधि से 64 लाख रूपये की लागत से भव्य व विशाल डोम का निर्माण कराया जाएगा, मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने उक्त महत्वपूर्ण डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, मंत्री श्री देवांगन ने इस मौके पर बाबा गुरूघासीदास व जैतखंभ की पूजा अर्चना भी की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा उद्योग मंत्री व कोरबा विधायक श्री लखनलाल देवांगन की विधायकनिधि द्वारा स्वीकृत व 64 लाख रूपये की लागत से टी.पी.नगर स्थित सतनाम प्रांगण में भव्य व विशाल डोम का निर्माण कार्य कराया जाना हैं, मंगलवार को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए उक्त निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस

मौके पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास सहित निगम के पार्षदगण व काफी संख्या में समाज के नागरिकों के साथ–साथ जनप्रतिनिधिगण व आमनागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व समाज के वरिष्ठजनों से चर्चा के दौरान मैंने वादा किया था कि विधायक निधि से सतनाम प्रांगण में भव्य डोम का निर्माण कराया जाएगा, बाबा गुरूघासीदास के आशीर्वाद से आज यहॉ पर उक्त डोम निर्माण कार्य का भूमिपूजन सम्पन्न किया गया है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि बाबा गुरूघासीदास जी हम सबको शक्ति प्रदान करें कि उनके आशीर्वाद से हम आमजन मानस के हित में लगातार कार्य करें, कोरबा जिला व छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बाबा गुरूघासीदास व जैतखंभ की पूजा अर्चना भी की तथा नगर के अमनचैन व आमजनता की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कोरबा सतनामी कल्याण समिति का शपथ ग्रहण भी सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास, एम.आई.सी.सदस्य धनकुमारी गर्ग, पार्षद प्रेमलता बंजारे, सरोज महिलांगे, सुशील गर्ग, के.के. लहरे, आर.के.खाण्डे, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, दर्री मण्डल अध्यक्ष मनोज लहरे, नारायण लाल कुर्रे, यू.आर. महिलांगे, मीना लहरे, सुकृत कुर्रे, पुष्पा आदिले, एस.डी.दीवान, अंकित पाटले, सरजू अजय, रमाशंकर साहू, विजय गुप्ता, सुनीता पाटले, बरखा कुर्रे आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।